हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

9 स्वास्थ्य व आयुष विभाग के सहयोग से 28 ड्रग पीड़ितों को मिला उपचार



10 श्रद्धालुओं ने गोसवा कर की सुख और समृद्धि की कामना



## खबर संक्षेप

### हेरोइन सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

**रतिया।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए रतिया पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान हरदीप सिंह उर्फ बब्बी उर्फ टिड्डी, पुत्र दर्शन सिंह, निवासी वार्ड नंबर 3, रतिया के रूप में हुई है। इस बारे जानकारी देते हुए थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम उपनिरीक्षक कंवर सिंह के नेतृत्व में अपराध रोकथाम हेतु गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की।

### कार की टक्कर से बुजुर्ग साइकिल सवार घायल

**फतेहाबाद।** शहर के लाल बत्ती चौक के समीप एक तेजगति कार की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग घायल हो गया। घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में आजाद नगर फतेहाबाद निवासी बुजुर्ग रामस्वरूप ने कहा है कि गत दिवस वह बुजुर्ग पेंशन निकलवाकर वापस आ रही थी। इसी दौरान हादसा हुआ।

### फरार मादक तस्कर कार्तिक सिंह काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे पीओ एवं भगोड़े की धरपकड़ अभियान के तहत भूना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने फरार आरोपी कार्तिक सिंह पुत्र नथी सिंह निवासी भारकोट, उत्तर प्रदेश को काबू किया। आरोपी को अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जानकारी देते हुए थाना भूना प्रभारी उपनिरीक्षक औम प्रकाश ने बताया कि पुलिस टीम लंबे समय से मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त कार्तिक सिंह को तलाश रही थी।

### खेड़ी माइनर में मिला महिला का अर्धनग्न शव

**चोपटा।** क्षेत्र के गांव खेड़ी के पास खेड़ी माइनर में अज्ञात महिला का शव मिला है। कागदाना चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिरसा के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया है। अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है । वीरवार शाम 5 बजे के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने खेड़ी माइनर में एक महिला का अर्धनग्न शव देखा जिसकी सूचना पुलिस को दी गई।

### तुलसी शालीग्राम विवाह का आयोजन कल

**रतिया।** देवउठनी एकादशी के अवसर पर श्री राधा कृष्ण सेवा आश्रम अरोड़ा कॉलोनी रतिया में श्री तुलसी-शालीग्राम विवाह का आयोजन संचालक महंत श्याम सुंदर दास जीके सानिध्य में एक नवंबर को किया जाएगा। जय जानकारी आश्रम के प्रवक्ता तथा कथावाचक धर्मेंद्र गोस्वामी ने बताया कि सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें विवाह सनातन धर्म की रीति के अनुसार किया जाएगा।

### शास्त्री नगर चोरी मामले में एक ओर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** शास्त्री नगर स्थित एक गोदाम से सामान चोरी करने के मामले में शहर फतेहाबाद पुलिस ने एक ओर युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान अनिल पुत्र माखन सिंह निवासी वार्ड नंबर 04, अशोक नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 30 जून को शास्त्री नगर निवासी रविंद्र कुमार पुत्र अशोक कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि उसकी वाशिंग मशीन मोटर बांधने की फैक्ट्री के गोदाम से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 1.50 लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया है।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : मुख्यमंत्री

- फतेहाबाद के विश्राम गृह में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ा रही है। जिला फतेहाबाद में बाढ़, जलभराव, सिंचाई, सड़क, सीवरेज, पेयजल और अन्य अधोसंरचना संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। मुख्यमंत्री वीरवार को फतेहाबाद के विश्राम गृह में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



### सिचाई विभाग को दिए आवश्यक निर्देश

*मुख्यमंत्री ने नायब सिंह सैनी ने कहा कि हिसार घग्गर ड्रेन की चौड़ाई बढाई जाए ताकि जलभराव वाले इलाकों से इसके जरिए पानी निकासी की समस्या का समाधान हो सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि ओटू झील पर बहाव के बोझ को कम करने के लिए हिसार से कहीं बीच में वैकल्पिक मार्ग से जल निकासी का प्रस्ताव तैयार किया जाए। उन्होंने सिंचाई विभाग को यह भी निर्देश दिए कि जिन गांवों से यह ड्रेन होकर गुजरती है, वहां इसे पक्का (कंक्रीट लाइनिंग) करने की संभावनाएं तलाशें ताकि मिट्टी कटाव और अवरोध की स्थिति न बने।*

### चिल्ली झील परियोजना की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने चिल्ली झील प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त से कहा कि सभी संबंधित विभागों की प्रगति रिपोर्ट उन्हें भेजी जाए। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता की जांच की जाए और यदि किसी विभाग ने निम्न गुणवत्ता का कार्य किया है, तो सख्त कार्रवाई की जाए। झील निर्माण में भूमि से संबंधित अड़चन को दूर करने के लिए उन्होंने निर्देश दिए कि ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से खरीद की प्रक्रिया अपनाई जाए। यदि भूमि मालिक पूरी 4 कनाल भूमि बेचना चाहता है तो ई-भूमि से खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भूमि की अड़चन नहीं आनी चाहिए, प्रशासन यह सुनिश्चित कर लें और तयमानकों अनुसार कार्रवाई करे।

### पेयजल व सीवरेज कार्यों की समीक्षा

मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के तहत फतेहाबाद के सेक्टर में वाटर वर्क्स निर्माण की समीक्षा करते हुए इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि सेक्टर निवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

उन्होंने जिला में सडक और सीवरेज व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है। विभाग यह सुनिश्चित करे कि सर्दियों से पहले जिला की सभी सडकों की मरम्मत पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला की 40 सडकों के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से पूरा किया जाए और जहां भी नई सडक बनाई जा रही है, वहां पहले सीवरेज और पेयजल लाइन का कार्य पूरा हो।

### नगर निकायों और अस्पताल निर्माण पर दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वैध घोषित कॉलोनियों में विकास कार्य पूरे कराए जाएं, ताकि शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए शहरी स्वच्छता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं, जिससे नागरिकों में स्वच्छता के प्रति सहभागिता बढ़ेगी। मुख्यमंत्री ने फतेहाबाद में निर्माणाधीन 200 बेड के अस्पताल को वर्तमान वित्त वर्ष में ही पूरा करने के निर्देश दिए।

## रन फॉर यूनिटी में तीस हजार लोग होंगे शामिल

# एकता दिवस पर आज दौड़ेगा फतेहाबाद मुख्यमंत्री नायब सैनी दिखाएंगे हरी झंडी

### पंचायत भवन से एमएम कॉलेज तक होगा दौड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

फतेहाबाद एकता के संदेश के साथ इतिहास रचने को तैयार है। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी में एक साथ तीस हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। इस आयोजन की शुरुआत प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे, जो स्वयं फतेहाबाद पहुंचकर सुबह झंडी दिखाकर रन फॉर यूनिटी को रवाना करेंगे। यह दौड़ पंचायत भवन से एमएम कॉलेज तक आयोजित होगी। उपायुक्त डा. विवेक भारती ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए रन फॉर यूनिटी की सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फतेहाबाद की जनता से भी अपील की है कि वे इस रन फॉर यूनिटी में ज्यादा से ज्यादा भाग लेकर ऐतिहासिक पल के साक्षी बने। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में जिलेभर से लगभग तीस हजार प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिनमें युवा, खिलाड़ी, छात्र-छात्राएं, महिलाएं, सैनिक, सामाजिक संगठन और जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रतिभागियों के हाथों में तिरंगा और दिल में एकता का जोश होगा। सुबह जब हजारों कदम एक साथ आगे बढ़ेंगे, तो फतेहाबाद की सडक़ों पर देशभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। यह सिर्फ एक दौड़ नहीं, बल्कि एकता का उत्सव है। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां पूर्ण की हैं। मार्ग को विशेष रूप से सजाया गया है, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई है, वहीं स्वास्थ्य, जलपान और यातायात नियंत्रण की पूर्ण व्यवस्था की गई है। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ स्वयंसेवक और स्कूली छात्र भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी विभागों, शिक्षण संस्थानों और सामाजिक संगठनों को इसमें सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति और सामाजिक समरसता की भावना को प्रज्वलित करेगा।



फतेहाबाद। अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

### सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शहर में किया जाएगा आयोजन

*सिरसा। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को प्रातः 7 बजे शहीद भगत सिंह स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी कार्यक्रम होंगे। रन फॉर यूनिटी में सभी वर्गों के नागरिक शामिल होकर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समरसता का संदेश देंगे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी होगी, जिसमें व्यापक स्तर पर सभी वर्गों की भागीदारी होगी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान को नमन करने का प्रतीक है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधा, पेयजल व्यवस्था तथा प्रतिभागियों के मार्गदर्शन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर सभी प्रतिभागी राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति समर्पण की शपथ भी लेंगे। उन्होंने जिले के नागरिकों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में भाग लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों को आत्मसात करें।*

### एकता की सच्ची मिसाल बनेगा दृश्य

जब पूरा फतेहाबाद एक साथ दौड़ेगा, तो यह दृश्य एकता की सच्ची मिसाल बनेगा। उन्होंने बताया कि युवाओं में जोश भरने के लिए कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत गीत से माहौल बनाया जाएगा। गायकार नवीन पूनिया की टीम ने इसके लिए गीत तैयार किए है जो कार्यक्रम में प्रस्तुति देंगे। फतेहाबाद में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम से प्रशासन और नागरिकों में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। सबकी निगाहें अब 31 अक्टूबर की सुबह पर टिकी हैं, जब फतेहाबाद के कदम देश की एकता के सुर में ताल मिलाएंगे। इस अवसर पर एसपी सिद्धांत जैन, एडीसी अनुराग ढालिया, जीएम रोडवेज मेजर गायत्री अहलावत, एसडीएम राजेश कुमार, जिप सीईओ सुरेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएसपी जगदीश काजला, डीडीपीओ अनूप सिंह, डीआरओ श्याम लाल, उप निदेशक अमित पंवार, एक्सईएन देवेंद्र सिंह, डीईओ संगीता बिश्नोई, डीएसओ विष्णु दास, डिप्टी सीएमओ मेजर शरद तुली, पीओ आईसीडीएस कविता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



फतेहाबाद। जाखल थाने के बाहर धरना देते ग्रामीण।

## गली में भ्रूण मिलने का मामला

# कार्रवाई को लेकर थाने के बाहर धरने पर बैठे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। फतेहाबाद

**खास बातें**

- ग्रामीणों ने जाखल थाने के बाहर किया प्रदर्शन
- गांव में कैंडल मार्च निकालकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी
- पुलिस ने मामले में तेजी दिखाते हुए गांव के सीसीटीवी फुटेज खंगाले लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला

जिले के जाखल खंड के गांव चांदपुरा पिछले सप्ताह गली में नाली किनारे मिले 6 महीने के भ्रूण के मामले का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। ग्रामीण लगातार आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इसी को लेकर गुरूवार को ग्रामीणों ने जाखल थाने के बाहर धरना शुरू कर दिया और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस घटना से क्षेत्र में काफी रोष का माहौल है। उन्होंने आरोपियों को सजा दिए जाने की मांग की। बता दें कि ग्रामीणों ने इससे पहले सोमवार को गांव में कैंडल मार्च निकालकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी ठोस कार्रवाई न होने पर लोगों ने यह धरना प्रदर्शन किया। पुलिस ने मामले में तेजी दिखाते हुए गांव के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिला है। हालांकि, पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई का आश्वासन दे रही है। स्वास्थ्य विभाग ने भी इस मामले में गांव की 22 गर्भवती महिलाओं की जांच की है, जिनकी स्वास्थ्य स्थिति सामान्य पाई गई। आशंका जताई जा रही है कि यह मामला बाहरी क्षेत्र से जुड़ा हो सकता है। धरने में चांदपुरा के साथ-साथ अन्य गांवों के लोग और समाजसेवी भी शामिल हुए। धरने की सूचना मिलते ही जाखल थाना प्रभारी सुरेश कुमार मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बात की। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले में गंभीरता से कार्रवाई कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# रात को ट्राले ने बिजली मैकेनिक को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भूना

- घटना को अंजाम देने के बाद ट्राले का ड्राइवर मौके से फरार

जिले के गांव ढाणी गोपाल के पास बुधरात देर रात को एक ट्राले की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद ट्राले का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। रात को सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। रात को मृत की पहचान नहीं हो पाई थी। गुरूवार सुबह मृतक की पहचान गांव ढाणी सांचला के बिजली मैकेनिक संदीप सिंह के रूप में हुई। संदीप सिंह बुधवार रात करीब 8 बजे भूना में काम करके अपने गांव ढाणी सांचला स्थित घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव ढाणी गोपाल के पास उसकी बाइक को ट्राले ने टक्कर दे मारी।

मिली जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय संदीप भूना में बिजली मैकेनिक के तौर पर काम करता था। हर रोज की तरह वह बुधवार को भी सुबह काम पर आया। इसके बाद शाम को वापस बाइक पर ही घर जा रहा था। इसी दौरान ढाणी गोपाल के पास उसे ट्राले के ड्राइवर ने कुचल दिया। इससे संदीप सिंह ने दम तोड़ दिया। रात को ही पुलिस मौके पर पहुंची थी, मगर तब तक संदीप सिंह के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। सुबह आसपास में पता करने पर बिजली मैकेनिक संदीप सिंह के तौर पर शव की पहचान हुई। ट्राले का ड्राइवर मौके पर ही ट्राला छोडक़र फरार हो गया था, उसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। बिजली मैकेनिक संदीप सिंह शादीशुदा था। उसके दो बच्चे भी हैं। उसका 15 साल का बेटा जबकि 12 साल की बेटी है। संदीप सिंह परिवार के मुखिया के तौर पर आजीविका चला रहा था। अब दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है। संदीप सिंह का छोटा भाई शादीशुदा है, जो किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है। भूना थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि ट्राले को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# शहर में चलाया सघन चेकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रतिया

अपराध, नशे और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर रतिया थाना पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान 'ऑपरेशन जीवन ज्योति' चलाया गया। इस अभियान में डॉग स्क्वायड के प्रशिक्षित स्वान जैक और रैंबो ने पुलिस टीम के साथ मिलकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दोनों स्वानों ने संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और सार्वजनिक स्थलों की सूक्ष्म जांच में अपनी अद्भुत क्षमता का परिचय दिया। पूरे अभियान के दौरान रतिया में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रही। डीएसपी रतिया नर सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बस स्टैंड, अनाज मंडी, मुख्य बाजार, स्कूलों के आसपास तथा शहर के बाहरी प्रवेश मार्गों पर तथा रतिया क्षैत्र में विशेष निगरानी रखी। टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की, वाहनों की तलाशी ली और कई जगहों पर आकस्मिक चेकिंग कर संभावित आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाई। डीएसपी ने कहा, रतिया पुलिस हर नागरिक की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को अब बख्शा नहीं जाएगा।



# दस लाख रुपये की हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

पुलिस ने सिरसा जिले के गांव नानुआना क्षेत्र से एक तस्कर को करीब दस लाख रुपये की सौ ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने गुरवार को बताया कि पुलिस ने महत्वपूर्ण के आधार पर कार्रवाई करते प्रिंस पुत्र मंगाराम वार्ड नंबर 15 रानियां जिला सिरसा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिहं के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान नानुआना से होते हुए रानियां की तरफ जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब रानियां स्टेडियम के पास पहुंची तो स्टेडियम के सामने एक नौजवान युवक खड़ा दिखाई दिया । उक्त युवक सामने पुलिस कि गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और वापस मुडक़र तेज-तेज कदमों से चलकर भागने की कोशिश करने लगा पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक का काबू कर तलाशी ली तो युवक के कब्जे से करीब सौ ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान प्रिंस पुत्र मंगाराम वार्ड नंबर 15 रानियां जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक के खिलाफ थाना रानियां में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई।



**मांग** मुख्यमंत्री व मंत्री गंगवा पर उखड़े विधायक

# जनसमस्याओं को लेकर सीएम की गाड़ी के आगे लेटना पड़े तो पीछे नहीं हटूंगा : गोकुल सेतिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सिरसा

विधायक गोकुल सेतिया अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में हो रहे भेदभाव को लेकर मुख्यमंत्री व मंत्रियों के प्रति उखड़ गए हैं। वीरवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में गोकुल सेतिया ने रोष स्वरुप कहा कि अब हलके के विकास के लिए अगर उन्हें मुख्यमंत्री की गाड़ी के आगे लेटना पड़ा तो भी वे पीछे नहीं हटेंगे और विधानसभा में सरकार मुर्दाबाद करने से भी नहीं हिचकेंगे। गुस्से से भरे गोकुल सेतिया ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विकास के मामले में लापरवाही बरतने वाले जिला परिषद के सीईओ को भी प्रदेश के मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा यह कहकर शह दे रहे हैं कि उन पर किसी प्रकार की आंच नहीं आएगी। गोकुल ने कहा कि सरकार को बने एक साल हो गया है और अब वे जनसमस्याओं को लेकर चुप नहीं बैठेंगे, बल्कि सरकार व अधिकारियों से जवाब मांगेंगे। विधायक ने जिला के शीर्ष अधिकारियों की कार्यप्रणाली को भी कटघरे में खड़ा करते हुए उनके प्रति भी खूब उबाल निकाला। विधायक ने साफ कहा कि हर मांग के लिए अब वे प्रभावी और सार्वजनिक तरीके से जवाब मांगेंगे। उन्होंने कहा कि उनके लिखित शिकायतों और मांगों पर एक साल से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मैंने जो काम लिखित रूप में दिए थे, उन पर एक साल से कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। अब संघर्ष का बिगुल बजाएंगे और आने वाले चार साल तक सबके चूल्हे हिला दूंगा। उन्होंने खुलासा किया कि शासन-प्रशासन ने उनकी शिकायतों को अनसुना कर दिया है और इसलिए अब उन्हें मजबूरन सडक़ों पर उतरना पड़ रहा है। इसके लिए उन्होंने मंत्री रण्वीर गंगवा, सिरसा के उपायुक्त, एडीसी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। साथ ही गोकुल सेतिया ने नवनियुक्त एसपी दीपक सहारण की प्रशंसा की है।



पत्रकारों से बातचीत करते विधायक गोकुल सेतिया। *फोटो : हरिभूमि*

### ये है मामला

गोकुल सेतिया ने कहा कि नौ महीने बाद सिरसा में आयोजित होने वाली कष्ट निवारण समिति की बैठक में वे अपनी तमाम शिकायतें उठाने वाले थे, लेकिन अपने आपको गब्बर कहने वाले मंत्री ने बैठक ही स्थगित कर दी जिससे वे बेहद आक्रोशित हैं। उन्होंने बैठक स्थगन का आरोप सीधे मंत्री और प्रशासन पर लगाया और कहा कि यह जनता के साथ छल जैसा व्यवहार है। विधायक ने कहा कि चार नवंबर को होने वाली दिशा की बैठक में वे अधिकारियों को घेरने एवं जवाब मांगने का काम प्रभावी ढंग से करेंगे। उन्होंने कहा कि उस दिन वे उन सभी मुद्दों की फाइलें और लिखित शिकायतें सार्वजनिक तरीके से प्रस्तुत करेंगे और कार्रवाई का हिसाब मांगेगे। गोकुल सेतिया ने दावा किया कि जनता के बेसिक कामों के न होने से क्षेत्र की स्थिति बिगड़ रही है और जनता उनसे जवाब मांगेगी। उन्होंने शासन-प्रशासन से तत्काल कार्रवाई और जवाबदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि यदि वे सरकार के अच्छे कामों का समर्थन करते हैं तो जायज कामों के लिए सडक़ों पर उतरना भी जानते हैं।

रोचक / शिखर चंद जैन

# बच्चों के मन को भाती प्यारी-अनोखी डॉल्स

बच्चो, तुम सभी को डॉल्स यानी गुड़ियों से खेलने में बहुत मजा आता होगा, है न! तुम ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले बच्चे भी डॉल्स के संग खेलना पसंद करते हैं। जानो, देश-दुनिया में फेमस कुछ प्यारी-अनोखी डॉल्स के बारे में।

## अमेरिका की बार्बी डॉल्स

बार्बी डॉल को अमेरिका की बिजनेस वूमेन रूथ हैंडलर ने 1959 में तैयार किया था। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से प्रेरित थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच लोकप्रिय होने लगी। आज बार्बी डॉल केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया भर के अनेक देशों में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल मानी जाती है।*





## कर्नाटक की चन्नापटना डॉल्स



**चन्नापटना खिलौने,** लकड़ी से बनने वाले खिलौने और गुड़िया का एक विशेष रूप है, जो कर्नाटक के रामनगर जिले के चन्नापटना शहर में निर्मित किए जाते हैं। चन्नापटना को गोम्बेगाला ऊरू यानी खिलौनों के शहर के नाम से भी जाना जाता है। इन लकड़ी के खिलौनों को चन्नापटना में लाने का श्रेय मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को दिया जाता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को लकड़ी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए फारस से कलाकारों को आमंत्रित किया था, जिससे इस उद्योग को स्थानीय स्तर पर फलने-फूलने में मदद मिली। चन्नापटना खिलौने पूरी तरह रसायन मुक्त यानी केमिकल फ्री होते हैं। इन्हें सब्जियों और पौधों से निकाले गए जैविक रंगों और प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है। आजकल इन्हें बनाने में चंदन और आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इनका आकार अधिकतर गोल और कुंद किनारों वाले घनाकार होता है, इसलिए ये बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं। चन्नापटना ट्वॉयस को जीआई टैग प्राप्त है।*

## जापान की दारुमा डॉल्स

**दारुमा, एक** पारंपरिक गोल, खोखली डॉल है। यह लचीलेपन, सौभाग्य और आध्यात्मिक एकाग्रता का प्रतीक है। आमतौर पर इनका रंग लाल होता है, लेकिन इसके डिजाइन अलग-अलग होते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसकी आंखों में पुतलियां (प्यूपिल्स) नहीं होतीं। लोग इस डॉल से अपनी विश मांगते हैं, जब उनकी विश पूरी हो जाती है तो वे इसकी आंखों में कलर भरते हैं और इसकी पुतलियां बनाते हैं। यह डॉल सफलता तक हार न मानने के लिए प्रचलित एक जापानी मुहावरे 'सात बार गिरती है, आठ बार उठती है' का प्रतीक है। इस डॉल को अगर तुम गिराओगे, तो यह गिरने के बाद फिर से सीधी खड़ी हो जाती है। जापान में नए साल की शुरुआत में लोग दारुमा डॉल्स खरीदते हैं। इसकी एक पुतली पर रंग भरते हुए अपनी कोई इच्छा (विश) मांगते हैं। जब वह इच्छा पूरी हो जाती है, तो गुड़िया की दूसरी पुतली पर भी रंग भर दिया जाता है। इस डॉल को जापान में 'लकी चार्म' माना जाता है।*

## आंध्र प्रदेश की कोंडापल्ली डॉल्स



**कोंडापल्ली खिलौने** या कोंडापल्ली डॉल्स का इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। 16वीं शताब्दी में जब आर्य क्षत्रियों का समुदाय राजस्थान से कोंडापल्ली आया था तो वे अपने साथ खिलौने बनाने की कला भी लाए। पौराणिक मान्यता है कि उन्हें इसे बनाने का कौशल भगवान शिव ने सिखाया था। मंदिरों में इन खिलौनों को कोंडापल्ली बमालु कहा जाता है। ये खिलौने ग्रामीण भारत और हिंदू देवताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये खिलौने टेला पोनिकी (सफेद चंदन की लकड़ी) के बने होते हैं। कोंडापल्ली गुड़िया या खिलौने को बड़ी खूबसूरती से तराशा और रंगा जाता है। अंतिम चरण में इसे अलसी के तेल में डाला जाता है, जिससे यह पानी से खराब नहीं होती। कोंडापल्ली डॉल के एक सेट में 24 डॉल्स मौजूद होती हैं। ये डॉल्स ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों, जैसे- मछुआरे, पुजारी, जनजातीय लोग, किसान, संगीतकार आदि का चित्रण करती हैं। कई बार इन डॉल्स को कुछ इस तरह बनाया जाता है कि इसके टुकड़े जैसे- शरीर, सिर, कान, सूंड़ और पूंछ आदि अलग-अलग बने होते हैं और फिर उन्हें सोने के तार से जोड़ा जाता है। कोंडापल्ली डॉल्स, आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। कोंडापल्ली डॉल्स आंध्र प्रदेश के जीआई टैग हस्तशिल्प के रूप में भी पंजीकृत हैं।*

---

बच्चो, हनी बेजर इतना बुद्धिमान, बेखौफ और जुझारू एनिमल है कि जंगल का राजा शेर भी आमतौर पर इससे नहीं टकराता! आकार में छोटे, लेकिन साहस, बुद्धि और ताकत से भरपूर इस अनोखे जंतु के बारे में जानो कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

# बुद्धिमान-साहसी-निडर हनी बेजर

अनोखा जंतु

रेखा शाह आरबी



बच्चो, जंगल में एक से एक आक्रामक, शिकारी और जहरीले जीव-जंतु निवास करते हैं। जंगलों में ही पाया जाने वाला हनी बेजर कई सारी खूबियों से युक्त एक लड़ाका (फाइटर) और बेखौफ जानवर है।

**नहीं डरता किसी से:** हनी बेजर एक निडर शिकारी जानवर है। जंगल का कोई भी जानवर, चाहे वो कितना भी विशाल, शक्तिशाली या जहरीला क्यों न हो, अगर इससे टकराए, तो यह पलटकर जोरदार वार करता है। यह इतना शक्तिशाली होता है कि कछुए के मजबूत खोल को अपने जबड़े से चीर-फाड़ देता है। यह अपनी मोटी खाल, नुकीले दांत और शक्तिशाली लंबे पंजे के बल पर अपने दुश्मनों को तगड़ी चुनौती देने की ताकत रखता है। आमतौर पर शेर भी हनी बेजर का शिकार नहीं करता, क्योंकि यह देर तक शेर का सामना करने की हिम्मत और ताकत रखता है।

**निवास-शारीरिक बनावट और जीवन काल:** हनी बेजर का वैज्ञानिक नाम 'मेलिवोरा कैपेंसिस' है। यह भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण पश्चिम-एशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में इसे 'बिज्जु' भी कहा जाता है। अपने देश में यह मुख्य रूप से उत्तर भारत के तालाब, नदियों के कगारों पर 25-30 फुट लंबी मांद बनाकर रहता है।

शारीरिक बनावट की बात करें, तो हनी बैजर के शरीर का ऊपरी भाग भूरा, बगल और पेट काला, माथे पर सफेद चौड़ी धारी होती है। इसकी त्वचा बहुत अधिक मोटी (गैंडा, जिराफ, भैंस जैसे जानवरों से भी अधिक मोटी) होती है। इसके पैरों में 5 मजबूत नाखून होते हैं, जो इसे जमीन खोदने में और मांद बनाने में मदद करते हैं। आमतौर पर वयस्क नर हनी बेजर का वजन 9 से 16 किलोग्राम और मादा हनी बेजर का वजन 5 से 10 किलोग्राम होता है। इसकी अनुकूलन क्षमता इसे अलग-अलग और कठोर परिस्थितियों में भी जीवित रहने में सक्षम बनाती है। हनी बेजर लगभग 24 वर्षों तक जीवित रहता है।

हनी बेजर बहुत बुद्धिमान भी होता है। यह शतुरमुर्ग के अंडों को तोड़ने के लिए पत्थरों का इस्तेमाल करता है। यह दीमक के टीलों पर जाकर लकड़ियां ठोकने के लिए भी पत्थर का इस्तेमाल करता है।*

### बुद्धिमान और माहिर शिकारी

हनी बेजर मूल रूप से सांप, बिच्छू, पक्षी, कीड़े, छोटे स्तनधारी, वनस्पति और फल खाता है। हनी बेजर मुश्किल से मुश्किल हालातों में भी भोजन ढूंढ़ने में माहिर होता है। यह दबे हुए शिकार को खोदकर निकाल लेता है। शहद और लार्वा के लिए मधुमक्खियों के छत्ते पर धावा बोल देता है। शिकार कौशल के अलावा यह भागने में भी माहिर होता है। जरूरत पड़ने पर पेड़ों पर चढ़ सकता है। पानी में तैर भी सकता है। मतलब कि यह हर सिचुएशन के हिसाब से अपने आप को ढाल लेता है।

---

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## गौरैया



अच्छी लगती है गौरैया,
चीं-चीं की यह तेरी धुन!
तिनका-तिनका जोड़ सुहाना
नीड़ बना लेती कैसे?
नन्हा-मुन्ना घर बनने में,
लगते नहीं तनिक पैसे।
मुझे सिखा दे यही कला तू
मेरी इतनी विनती सुन!
सूरज के उगने से पहले,
नींद तुम्हारी खुल जाती।
मीठी-मीठी हवा बहे तो,
काया तेरी धुल जाती।
बैठ डाल पर चुपके-चुपके,
नई सुबह के सपने बुन!
यहां-वहां से, कहां-कहां से,
लाती है तू चुन-चुन के।
लाकर रोज खिलाती है तू
बच्चों को दाने-दुनके।
मुझे बहुत अच्छा लगता यह
तेरा मेहनत वाला गुन!

## हंसगुल्ले



**मोनू** : इस बार दिवाली पर मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो वो सीधा आकाश से जा टकराया।
**सोनू (हैरानी से)** : अरे! फिर क्या हुआ?
**मोनू** : फिर क्या, आकाश की मम्मी ने मुझे खूब डांटा और मेरी मम्मी से भी मेरी शिकायत कर दी।
**-संभव, रायपुर**

**चिंटू** : अगर आलू किसी की हेल्प करे तो उसे क्या कहेंगे?
**मिंटू** : क्या कहेंगे?
**चिंटू** : दयालु।
**-पलक, बिलासपुर**

**सोनू** : ऐसी कौन-सी चाय है, जिसे पीने के बाद बहुत बुरा लगता है?
**मोनू (देर तक सोचने के बाद)** : मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**सोनू** : गिल्टी।
**-कोमल, दुर्ग**

## जीके क्विज-177



1. किस विश्वप्रसिद्ध फुटबॉलर को साल 2025 का गोल्डन बूट अवार्ड मिला?
2. हाल ही में कहां दीपावली के अवसर पर 26 लाख से भी अधिक दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया?
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को किस दिवस के रूप में मनाते हैं?
4. पिछले दिनों किस तिथि को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया?
5. विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस राज्य में आयोजित होता है?
6. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन बने थे?
8. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
9. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?
10. प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास 'गोदान' के लेखक कौन हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-177 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-176 का उत्तर :** 1.मारिया कोरिना मचाडो, 2.ज्ञानेश कुमार, 3.संयुक्त राज्य अमेरिका, 4.न्यूटन, 5.शतरंज, 6.विटामिन ए, 7.दुग्ध उत्पादन, 8.इंदिरा प्वॉइंट, 9.अरुणाचल प्रदेश, 10.लैक्टोमीटर

**जीके क्विज-176 का सही उत्तर देने वाले :** तनिष्क-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, आद्या-उमरिया, अविनाश-ईमेल से, रमेश-बैकुंठपुर, रजनी-बलरामपुर, श्रद्धा-ईमेल से, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर

---

कहानी

क्षमा शर्मा

नन्हे अंतरिक्ष ने इतनी जोरों से किक मारी कि उसकी फुटबॉल ना जाने कहां गायब हो गई। दादाजी ने कहा कि लगता है स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है। यह सुनकर भोले-भाले अंतरिक्ष ने भी फुटबॉल पर बैठकर स्पेस पर जाने की सोची। स्वयं ही नहीं, घर के और लोगों को भी स्पेस पर ले जाने की सोची। लेकिन अंतरिक्ष की फुटबॉल गई कहां, क्या वह उसे मिली? पढ़ो, बहुत मजेदार कहानी।

# अंतरिक्ष की फुटबॉल



अंतरिक्ष के बड़े से बगीचे में तरह-तरह के गुलाब, लाल-पीले गेंदे और गुड़हल के गुलाबी फूल खिले हुए थे। बगीचे में हरी-हरी घास थी। शाम के समय कभी पापा, कभी बुआ, कभी मम्मा के साथ अंतरिक्ष टेनिस, बैडमिंटन या फुटबॉल खेलता था। टीवी पर फुटबॉल खिलाड़ियों को देख वैसे ही करतब करने की कोशिश करता। वह अकसर अपने दादाजी से बोलता, 'मैं रोनाल्डो बनूंगा, ऐसे गोल मारूंगा।' कहकर वह अपनी फुटबॉल की तरफ दौड़ता और जोर से किक जमाता। फुटबॉल कभी ऊपर टेरेस पर गिरती, कभी नीम के पेड़ में उलझ जाती। एक रात जब आसमान में पूरा चांद उगा था, अंतरिक्ष ने खेल-खेल में फुटबॉल उछाली, तो वह कहीं अटक गई। उसने फुटबॉल खोजने की कोशिश की लेकिन नहीं मिली।

'कहां गई?' अंतरिक्ष ने मम्मा से पूछा। वह बोलीं, 'कहां गई होगी, बाहर चली गई होगी। अब सवेरे जाकर खोजना।'

बुआ ने कहा, 'क्या पता आसमान में जो एक बड़ा पक्षी उड़ता हुआ दिख रहा था, वही उसे अपनी चोंच में दबाकर उड़ गया हो।'

दादाजी बोले, 'अरे वो पक्षी नहीं, वो जो तीन खरगोश बगीचे में घूमते हैं, हो सकता है, उनमें से कोई उसे मुंह में दबाकर भाग गया हो। अपने बच्चों और दोस्तों के साथ खेल रहा हो।' पापा ने बहुत अलग बात कही, 'मुझे तो लगता है, इसकी फुटबॉल स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है।'

'स्पेसशिप..!' अंतरिक्ष मुस्कराया फिर कुछ सोचता हुआ बोला, 'अगर मैं उस पर बैठा होता तो मैं भी चांद पर चला जाता।' उसकी बात सुन पापा हंसे। 'ठीक है, मैं अपनी दूसरी फुटबॉल लाता हूं। वह भी स्पेसशिप बन जाएगी। मैं दादाजी के साथ उस पर बैठकर चांद पर जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने चहकते हुए कहा। 'फिर वहां क्या करोगे?' पापा ने पूछा। 'दादाजी से मैथ्स पढ़ूंगा। होमवर्क भी कर लूंगा। सुना है चांद पर आइसक्रीम के पहाड़ हैं। खूब आइसक्रीम भी खाऊंगा। आपके लिए भी ले आऊंगा।' अंतरिक्ष ने मजे से जवाब दिया। 'और जब नींद आएगी तो..?' दादी ने पूछा। 'नींद आएगी तो सो जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने झट से जवाब दिया। 'मगर कैसे सोओगे। तुम्हें तो तब तक नींद ही नहीं आती, जब तक अपने बिस्तर पर न सोओ। और मम्मा तुम्हें कोई कहानी न सुनाए।' दादी बोलीं। अंतरिक्ष तुरंत बोला, 'वहां मेरे दादाजी होंगे न। वो कहानी सुना देंगे।' अंतरिक्ष एक पल रुककर यह भी बोला, 'मेरे साथ मम्मा, पापा, दादी, मेरी बुआ सब साथ चलेंगे। पूरी छुट्टियां हम वहीं रहेंगे।' 'जितना बड़ा तू, उससे छोटी तेरी फुटबॉल। उसमें बैठकर कौन-कौन जाएगा? उसके लिए तो असली वाला स्पेसशिप लाना पड़ेगा। लेकिन कहां मिलेगा स्पेसशिप?' दादाजी ने पूछा।

'पापा दिलवा देंगे मुझे। मैं उसे चलाना भी सीख लूंगा।' अंतरिक्ष बोला। तभी बगीचे में खड़-खड़ सुनाई दी। देखा कि एक खरगोश गमले में लगी गोभी को खाने के लिए चढ़ा था। उसने दूसरा गमला गिरा दिया। गमला टूट गया था। सारी मिट्टी बिखर गई। 'दादाजी खरगोश!' अंतरिक्ष चिल्लाया। दादाजी बाहर आए और जोर-जोर से खरगोश को डांटते हुए पूछने लगे, 'क्यों भई, अंतरिक्ष की फुटबॉल कहां छिपाकर आए हो? जल्दी वापस लाओ। तुम्हें मालूम नहीं, उसे अपनी फुटबॉल से स्पेसशिप बनाना है और चांद पर जाना है।' कहते हुए दादाजी खरगोश की तरफ बढ़े, तो वह भागकर गमले के पीछे छिप गया और मौका पाते ही गायब हो गया। दादाजी बोले, 'देखो तुम्हारी फुटबॉल लेने गया है। अभी दे जाएगा।' 'लेकिन वह तो चांद पर चली गई।' अंतरिक्ष ने अपनी गोल गोल आंखें घुमाईं। 'क्या पता न गई हो। इसके पास हो। नहीं लाया, तो हो सकता है, जो तुम कह रहे हो वही ठीक हो।' दादाजी को अंतरिक्ष से फुटबॉल की बातें करते बहुत मजा आ रहा था। 'अंतरिक्ष आकर दूध पियो। सोने का समय हो गया। सबेरे टेनिस खेलने जाना है।' मम्मा कह रही थीं।

पापा उसके लिए दूध ले आए। अपने कमरे की तरफ बढ़ते हुए अंतरिक्ष रह-रह कर चांद को देख रहा था। उसे लग रहा था कि गोल चांद ही कहीं उसकी फुटबॉल तो नहीं। वह सोते वक्त बार-बार मम्मा से यही पूछ रहा था, 'अगर फुटबॉल चांद बन गई है, तो वह पीली कैसे हो गई? वह तो लाल थी और इतनी चमक क्यों रही है?' अंतरिक्ष के सोने के बाद दादाजी बाहर गए तो पड़ोस की सिंधु आंटी पेड़ों के बीच से झांकती हुई बोलीं, 'अरे, यह अंतरिक्ष की फुटबॉल हमारे ड्रम में आकर गिर गई थी। अभी पानी निकालने लगे तो दिखाई दी।' पापा ने उसे अंतरिक्ष की कुर्सी पर रख दिया। दादी बोलीं, 'सबेरे उठेगा तो पूछेगा कहां से आई?' 'कह देंगे कि चांद आकर दे गया। कह गया है कि एक रात वह अंतरिक्ष को खुद आकर ले जाएगा।' बुआ ने हंसते हुए धीरे से कहा। रात बहुत हो गई थी। अंतरिक्ष भी मीठे सपनों में खोया था। वह हाथ-पांव फेंक रहा था, जैसे कि फुटबॉल के पीछे दौड़ रहा हो।*

---

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



एआई इमेज

## हम अच्छे इंसान बनें

बनना है तो चांद बनें,
शीतलता बिखरा दें हम।
बनना है तो पवन बनें,
घर-घर मस्ती ला दें हम।
बनना है तो धूप बनें,
सबमें गरमाहट भर दें।
बनना है तो मेघ बनें,
धरती पर बारिश कर दें।
बनना है तो फूल बनें,
सभी ओर खुशबू बिखरे।
बनना है तो रूप बनें,
जो हर रोज नया निखरे।
अगर चाहते हैं दुनिया में,
हम भी बड़े-महान बनें।
उसकी पहली शर्त यही है,
हम अच्छे इंसान बनें।

---

## रंग भरो-188

**रंग भरो-188** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**मयंक, गुना**



तमन्ना, कोरबा



ईशान, ईमेल से



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आस्तिका, चांपा




आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अनिकेत-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, राजन-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कुसुम-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोहम-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राकेश-बालोद, साकेत-हिसार

## रंग भरो 189



बच्चो, यहां एक लड़के और जिराफ का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### खालसा कॉलेज में एक एनएसएस कैंप आयोजित

**रतिया।** खालसा त्रिशताब्दी राजकीय महाविद्यालय रतिया में एक दिवसीय एनएसएस कैंप का आयोजन किया गया। एनएसएस कैंप में प्रो कृष्ण लाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना को महाविद्यालय में लागू करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्र सेवा की भावना को जागृत करना है। ऐसी गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित में कार्य करते हैं। एनएसएस यूनिट -1 के प्रभारी प्रो. कृष्ण लाल ने कहा कि एनएसएस स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्र छात्राओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य है।

### मक्खन सिंह अधीक्षक पद पर हुए पदोन्नत

**सिरसा।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय के लेखाकार मक्खन सिंह अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए है। डीआईपीआरओ रामनाथ, अधीक्षक सतीश कुमार सहित कार्यालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने मक्खन सिंह को अधीक्षक बनने पर हार्दिक बधाई दी है। मक्खन सिंह की यह दूसरी पदोन्नति है। वीरवार को मुख्यालय द्वारा मक्खन सिंह को अधीक्षक पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी किए गए। डीआईपीआरओ ने उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और लंबे समय से चली आ रही सेवा की सराहना की।

### प्राइवेट स्कूल संचालकों की हुई बैठक

**ओढां।** दशमेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल चोरमार में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला प्रधान पंकज सिडाना की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में काफी संख्या में प्राइवेट स्कूल संचालक और प्रिंसिपल पहुंचे। जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई जैसे जिन स्कूलों का पोर्टल बंद है, हरियाणा बोर्ड की स्कूलों की एफिलेशन के लिए फीस, जिन स्कूलों की मान्यता के 10 वर्ष पूरे हो चुके हैं उनका रिव्यू और रिन्यू की पॉलिसी के लिए, एसएलसी का जो अभी नया ऐप में प्रावधान है उसके लिए, बसों की अवधि 20 वर्ष करने बारे, नई वाहन पॉलिसी आदि सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और हर महीने एक मीटिंग रखने पर सभी ने सहमति जताई।

### डॉ. प्रियदर्शन ने किया जिला गणित विशेषज्ञ का पदभार ग्रहण

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बकरियांवाली में कार्यरत गणित प्रवक्ता डॉ. प्रियदर्शन ने बीते दिवस जिला शिक्षा मुख्यालय सिरसा में जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं की उपस्थिति में बतौर जिला गणित विशेषज्ञ अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। डॉ. प्रियदर्शन ने कहा कि गणित विषय को विद्यार्थियों के लिए केवल एक अकादमिक विषय न बनाकर, बल्कि सोचने-समझने और तर्क करने की कला के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अंतर्गत गणित अध्यापकों को नवीन शिक्षण विधिओं, तकनीकी साधनों और वर्चुअल लैब जैसी आधुनिक अवधारणाओं से जोड़ते हुए गणित क्विज, ओलिंपियाड, गणित दिवस, मॉडल निर्माण जैसी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचिए आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ाने का सकारात्मक प्रयास करेंगे।

### रुपए व मोबाइल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**सिरसा।** शहर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली सवार व्यक्ति से 9 हजार रुपए व एक मोबाइल फोन चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार किया है। शहर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित किसान फौजा सिंह पुत्र सौदागर सिंह निवासी सुचान कोटली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बीती 28 अक्तूबर को सायं करीब 7 बजे अनाज मंडी सिरसा में जीरी बेचकर ट्रैक्टर ट्राली सहित अपने घर जा रहा था। इसी दौरान जब वह नजदीक गौशाला बाईपास रोड डबवाली के नजदीक पंहुचा को जाम की स्थिति होने के कारण एक युवक ट्राली में चढ कर पीछे से मेरी जेब से 9 हजार रुपए व एक मोबाइल फोन चोरी करके मौका से फरार हो गया।

---

गांव नागपुर में लगाया नशा मुक्ति शिविर

# स्वास्थ्य व आयुष विभाग के सहयोग से 28 ड्रग पीड़ितों को मिला उपचार

- आप्रेशन जीवन ज्योति अभियान के तहत किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



रतिया। नागपुर में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करते टीम सदस्य।

जिलेभर में चलाए जा रहे आप्रेशन जीवन ज्योति अभियान के तहत एसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद द्वारा गांव नागपुर में एक नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डीएसपी रतिया ने किया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग का विशेष सहयोग रहा।

सीएचसी रतिया से डॉ. दीप अपनी टीम सहित तथा आयुष विभाग से डॉ. शालू बंसल, एसीएमओ यूपीएचसी रतिया अपनी टीम सहित शिविर में पहुंचीं। उन्होंने मौके पर आए सभी लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी और बताया कि नशे से न केवल व्यक्ति का स्वास्थ्य बल्कि परिवार और समाज भी प्रभावित होता है। शिविर में 9 नव-चिन्हित ड्रग पीड़ितों के अलावा 19 उपचाराधीन पीड़ितों ने हिस्सा लिया। सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, खून के नमूने लिए गए और मनोवैज्ञानिक परामर्श के उपरांत चिकित्सकों द्वारा दवाइयां वितरित की गईं। नशा मुक्ति टीम ने पीड़ितों को नियमित रूप से इलाज जारी रखने और नशा छोडऩे के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हड़ौली में सेमिनार आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया। छात्रों को बताया गया कि नशे की शुरुआत अक्सर जिज्ञासा से होती है लेकिन इसका अंत विनाश में होता है। विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे खुद भी नशे से दूर रहें और समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने में योगदान दें।

### पुलिस लाइन परिसर में लगाया मेडिकल जांच शिविर

**सिरसा।** जिला पुलिस द्वारा वीरवार को पुलिस लाइन सिरसा के सामुदायिक केंद्र में पुलिस जवानों के स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए मेडिकल चैकअप का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य की प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा की पुलिस के जवानों के स्वास्थ्य की जांच के लिए समय-समय पर मेडिकल कैंपों का आयोजन करवाया जाता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा की इस तरह के कैंपों का आयोजन करने का उद्देश्य पुलिस के जवानों को बेहतर चिक्तिसा सुविधा देना है, ताकि जवान पूर्ण रुप से स्वस्थ रहे। कैंप में मौजूद डाक्टरों ने जहां पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की विभिन्न बीमारियों से संबंधित मेडिकल चैकअप किया वहीं उन्हें स्वस्थ रहने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। डॉक्टरों ने इस अवसर कैंप में उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को कहा कि मौसम परिवर्तन के चलते खानपान का विशेष ध्यान रखें तथा फास्ट फूड आदि का सेवन करने से बचें।



सिरसा। शिविर में पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए चिकित्सक।



फतेहाबाद। वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते शांति निकेतन स्कूल के विद्यार्थी।

## बच्चों ने वृद्धाआश्रम का भ्रमण कर बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

- बुजुर्गों के लिए मिठाईयां, बिस्कुट व 11 हजार रुपये दान किए

गांव ढिंगसरा स्थित शांति निकेतन स्कूल के विद्यार्थियों ने सद्गुरू कृपा अपना घर, फतेहाबाद वृद्धाआश्रम का भ्रमण किया और मौजूद बुजुर्गों से बातचीत कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय व बच्चों की ओर से बुजुर्गों के लिए मिठाईयां, बिस्कुट व 11 हजार रुपये भी दान स्वरूप दिए गए। प्रधानाचार्य रणसिंह रेपस्वाल ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनकी वर्तमान स्थिति से अवगत करवाना था, ताकि बच्चों को शुरूआत से ही अच्छे संस्कार मिल सकें जिससे वे अपने माता-पिता के महत्व को जान सकें। उन्होंने बताया कि बुजुर्ग हमारे समाज और परिवार का अभिन्न अंग होते हैं। यह ज्ञान के जीवंत भंडार होते हैं। उनकी बुद्धिमत्ता, अनुभव हमें कठिन समय में जीवन जीने का तरीका सिखाते हैं और बेहतर निर्णय में लेने में हमारी सहायता करते हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन संस्कृति में बुजुर्गों की बात को बहुत महत्व दिया जाता था, परंतु आज हमारे गिरते संस्कारों ने उनके महत्व को कम कर दिया। इसीलिए आज की युवा पीढ़ी द्वारा अपने माता-पिता को बुजुर्ग होते ही वृद्धाआश्रम में छोड़ दिया जाता है। उन्होंने बच्चों व क्षेत्रवासियों से आह्वान किया वे अपने माता-पिता की सेवा करें और बुढ़ापे में उनका सहारा बनें ताकि किसी भी बुजुर्ग को वृद्धाआश्रम में न रहना पड़े।

## एसएस बॉयज कॉलेज में इंटर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज सिरसा में इंटर कॉलेज क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, विज्ञान, तकनीक, इतिहास और समसामयिक घटनाओं के प्रति रुचि बढ़ाना था। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. दिलावर सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टिकोण को सशक्त बनाती हैं। कुल सात टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें रैपिड फायर, ऑडियो-वीडियो, करंट अफेयर्स और ब्रेन स्टॉर्मिंग राउंड शामिल थे। प्रतिभागियों ने हर चरण में तेज बुद्धिमत्ता और उत्कृष्ट स्मरण शक्ति का परिचय दिया। परिणामों में जेसीडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग ने प्रथम स्थान, शाह सतनाम जी बॉयज कॉलेज ने द्वितीय स्थान और सीएमके पीजी कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। प्राचार्य ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के साथ प्रतियोगितात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों के जीवन कौशल को निखारती हैं। उन्होंने बताया कि कॉलेज भविष्य में राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर की क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन भी करेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एक पेड़ 'मां' के नाम, गांव नंगल में 20 साल पहले लगाया बरगद का पेड़ आज बना जीवनदायी छांव

- पेड़ सिर्फ एक पेड़ ही नहीं बल्कि अब तो गांव की पहचान भी बन चुका : छिंद्रपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया



रतिया। गांव नंगल में बरगद के पेड़ के नीचे खड़े युवा।

कुछ काम दिखावे के लिए नहीं, दिल से किए जाते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण है गांव नंगल में लगाया गया वह बरगद का पेड़ है । जो आज पूरे गांव के लिए ठंडी छांव और जीवन का प्रतीक बन चुका है। गांव नंगल निवासी छिंद्रपाल ने बताया है कि आज से करीब बीस साल पहले 2006 में उसने और उसके साथी नीरज वर्मा, हरविंदर बिंदा पपरेजा, गंशी मेहता, डॉ. वीरभान, अशोक कुमार नोवा व मेशी ने मिलकर इस बरगद के पौधे को लगाया था। इसके साथ-साथ हमने गांव में ओर भी पेड़ पौधे लगाए थे और उनकी पूरी संभाल भी की थी। आज 20 वर्ष बाद यह छोटा सा पौधा एक बड़े विशाल बट वृक्ष का रूप ले चुका है, जिसकी छाया में हमारे गांव के बुजुर्ग विश्राम करते है और बच्चे खेलते है। उन्होंने कहा कि ये बरगद का पेड़ सिर्फ एक पेड़ ही नहीं बल्कि अब तो गांव की पहचान भी बन चुका है। इस बरगद के पेड़ की छांव में बैठने से दिल को बहुत सुकून मिलता है। उन्होंने युवा पीढ़ी को भी संदेश दिया कि हम सबको प्रकृति से प्रेम करना चाहिए और हर किसी को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। जब आपका लगाया हुआ पौधा कुछ सालों ने पेड़ का रूप लेगा तो आपको बहुत सुकून मिलेगा, क्योंकि आपके द्वारा लगाया गया पौधा वृक्ष के रूप में हमेशा हमें छांव, ऑक्सीजन और जीवन देता रहेगा, इसलिए सभी को जायदा से ज्यादा पेड़ जरूर लगाने चाहिए।

## एबीवीपी ने की राजकीय कॉलेज भूना की नई इकाई की घोषणा

### मुकेश शर्मा बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजकीय महाविद्यालय भूना की नई इकाई की घोषणा की गई। इस मौके पर विभाग संयोजक बलविंद्र ढकरवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने नवगठित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा राष्ट्र निर्माण और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा के अनुरूप ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। एबीवीपी की घोषणा के अनुसार मुकेश शर्मा को इकाई अध्यक्ष, निखिल कुमार को उपाध्यक्ष, कुमारी शीतल को इकाई मंत्री, कुमारी पूनम, कुमारी रवीना और अमनदीप को इकाई सह मंत्री नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही सुनील कुमार को एसएफडी संयोजक, अश्वनी कुमार को एसएफडी सह संयोजक, नीरज को एसएफएस संयोजक, राहुल कुमार को एसएफएस सह संयोजक, कुमारी पिंकी को राष्ट्रीय कला मंच संयोजक, शर्मीला को राष्ट्रीय कला मंच सह संयोजक, मोहम्मद कैफ को एनएसएस संयोजक, प्रियांशु कुमार को एनएसएस सह संयोजक चुना गया।



भूना। राजकीय महाविद्यालय की चुनी गई एबीवीपी की नई टीम के सदस्य।

### जमाल में पीटते युवक को छुड़ाने गई पुलिस टीम के साथ दुर्व्यवहार

**चोपटा।** खंड के गांव जमाल में कुछ लोगों द्वारा पीटते युवक को छुड़वाने गई पुलिस टीम के साथ भी हाथापाई की। जमाल चौकी पुलिस ने युवक के बयान पर 6 नाम जद लोगों सहित करीब 10 युवकों पर मामला दर्ज किया है । नाथूसरी चोपटा थाना पुलिस में कार्यरत एएसआई अशोक कुमार द्वारा मामले की जांच की जा रही है। जमाल चौकी से ईएसआई वेदपाल ने बताया कि बुधवार रात को गांव जमाल निवासी गौरव पुत्र कृष्ण कुमार जमाल बस स्टैंड के पास एक दुकान से पीने के पानी की बोतल खरीद रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने आकर गौरव के साथ लड़ाई झगड़ा शुरू कर दिया। गौरव ने जमाल चौकी पुलिस को सूचना दी और मौके पर पुलिस पहुंची तो युवकों ने गौरव के साथ-साथ पुलिस के साथ भी दुर्व्यवहार किया। एएसआई अशोक कुमार ने बताया कि गौरव के बयान के आधार पर कुतियाना गांव निवासी गजेंद्र, प्रवीण, दिवाकर, यस, जनक राज के अलावा अशोक मनोज निवासी जमाल सहित करीब 10 लोगों पर थाना नाथुसरी चोपटा में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



रतिया। श्रीरामचरितमानस की कथा करते हुए पंडित पुरुषोत्तम शास्त्री।

## रामचरितमानस की शिक्षाओं से होगी मर्यादित समाज की रचना : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

- श्री रघुनाथ मंदिर एवं धर्मशाला में सात दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन

श्री रघुनाथ मंदिर एवं धर्मशाला में 7 दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान आज प्रथम दिन श्रीरामचरितमानस की कथा करते हुए पंडित पुरुषोत्तम शास्त्री बरवाला वालों ने कहा कि रामचरितमानस मानस के निरन्तर श्रवण व मनन से ही एक मर्यादित व सुंदर समाज की रचना की कल्पना की जा सकती है। उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए शास्त्री ने कहा कि स्वयं भगवान शंकर ने तुलसीदास जी को प्रेरणा देकर इस ग्रन्थ की रचना करवाई है और इसकी एक एक चोपाई वेदों का महामन्त्र है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अगर ऐसे ग्रन्थ पढाएं जाएं तो विद्यार्थियों के अंदर धर्म व देशभक्ति के संस्कार पैदा किये जा सकते हैं। इससे पूर्व मंदिर कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी एडवोकेट विज्ञान सागर बाघला ने मंदिर के इतिहास के बारे में बताया व श्रद्धालुओं को इस समारोह की बधाई प्रेषितदी। इसके अलावा मंदिर कमेटी के प्रधान सुभाष चुघ, हरबंस खन्ना, उपाध्यक्ष शाम आंनद, पंजाबी सभा के अध्यक्ष सतीश हांडा, डॉ. हंसराज, पुजारा लाल चुघ, मनोहर लाल, विक्की मेहता, लवली गिल्होत्रा, नीटू गोयल, दिनेश तनेजा, इच्छापूर्णी काली माता मंदिर के प्रधान श्यामलाल बंसल, सीताराम, उषा सेतिया, किरण मंगला, मदन सेतिया, पूनम ठक्कर, रीना चुघ, अंजू हांडा, पूनम ठक्कर, आशा चिल्लाना, पूर्व पार्षद गुड्डू, सुमन आंनद, नीलम धमीजा सहित अनेक श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण करके कथावाचक का स्वागत किया।



### जोत राम को अधीक्षक पद पर पदोन्नति

**फतेहाबाद।** हरियाणा सरकार द्वारा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में कार्यरत 13 अधिकारियों व कर्मचारियों को पदोन्नति दिए जाने के आदेश जारी किए गए हैं। इस क्रम में वर्तमान में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय फतेहाबाद में उपाधीक्षक के पद पर कार्यरत जोत राम को अधीक्षक, मुख्यालय के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई है। पदोन्नति मिलने पर अधीक्षक जोत राम ने शीर्ष अधिकारियों सहित विभाग के महानिदेशक के मकरंद पांडुरंग व सहयोगी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि जोत राम को यह सातवीं पदोन्नति प्राप्त हुई है, जो उनके 36 वर्षों के समर्पित सेवाकाल में उनकी कार्य कुशलता, निष्ठा और निरंतर योगदान का प्रमाण है।

**कार्यक्रम** सीडीएलयू में 'नो मोर पाकिस्तान' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन

## आज का भारत सशक्त, संगठित और निर्णायक राष्ट्र: गोलोक बिहारी राय

पाकिस्तान की नीतियां न केवल उसके पतन का कारण, बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। सीडीएलयू में आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता व अन्य। फोटो: हरिभूमि

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच (फैंस) एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 'नो मोर पाकिस्तान' विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, सीमाओं की स्थिरता, और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में हो रहे प्रयासों पर गहन चर्चा की। गोष्ठी मेंमुख्य वक्ता गोलोक बिहारी राय, सदस्य, राष्ट्रीय सचालन समिति (फैंस)ने कहा कि पाकिस्तान की नीतियां न केवल उसके पतन का कारण बन रही हैं, बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी खतरा हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब उस दौर में नहीं है जब वह आतंकवाद या अस्थिरता के भय से पीछे हटे- आज का भारत सशक्त, संगठित और निर्णायक राष्ट्र है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की सुरक्षा, सम्मान और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए आगे आएं।

### राष्ट्र की सुरक्षा के लिए निभाएं जिम्मेदारी

विक्रमादित्य सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा कि भारत के पास अब केवल सैनिक शक्ति ही नहीं, बल्कि वैचारिक दृढ़ता और विश्वसनीय नेतृत्व भी है, जो विश्व में शांति और स्थायित्व का आधार बन रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद केवल भावना नहीं, बल्कि कर्म में परिणत होने वाली शक्ति है। उन्होंने कहा कि भारत को अब आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग और नवाचार आधारित विकास की दिशा में आगे बढना होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि भारत आज विश्व की अग्रणी शक्तियों में शामिल है और राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब भारत किसी भी चुनौती का उत्तर देने में सक्षम है। हमारे युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और उन्हें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम से पहले विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र मल्होत्रा, जगदीश चोपड़ा, राजेंद्र सिंह पनघाल, ओम वीर, रामफल शर्मा, हिमांशु मेहता, संदीप चोपड़ा, पवन सैनी, यश धमीजा, धर्मपाल पाहवा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## रतिया में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में भाग लेंगी पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रतिया में उपमंडल स्तर पर 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुनीता दुग्गल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी और क्षेत्रवासियों के साथ एकता की दौड़ में शामिल होकर युवाओं को प्रेरित करेंगी। यह आयोजन देश की एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से किया जाएगा। उपमंडलाधीश सुरेन्द्र सिंह ने वीरवार को अपने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेकर सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम की तैयारीयों बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी का शुभारंभ सुबह 7 बजे स्थानीय लघु सचिवालय प्रांगण से होगा।

**बेदखली सूचना**

मैं अजीत सिंह पुत्र जयपाल निवासी मकान नंबर 23, राजीव नगर, सी ब्लॉक, बीड, दुर्जनपुर, जिला हिसार ब्यान करता हूं कि मेरी लड़की रचना मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं मेरी लड़की रचना को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरी लड़की रचना से लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### डीडीपीओ ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**सिरसा।** स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजीत सिंह चहल ने आमजन की 23 शिकायतें सुनी और अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। डीडीपीओ बलजीत सिंह चहल ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का निवारण जल्द से जल्द किया जाए और जो समस्याएं किसी कारणवश पेंडिंग रह जाती है, उनका समाधान भी सम्बधिंत अधिकारी यथाशीघ्र करें। उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं के समाधान के लिए अगर मुख्यालय से किसी प्रकार का मार्गदर्शन या अन्य किसी प्रकार की जानकारी लेने की आवश्यकता है तो उस बारे भी कार्यवाही समय रहते पूरी करें।

### एनडीपीएस मामले में आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सदर रतिया पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक पुराने मामले में नामजद एक युवक को काबू किया है। पकड़े गए युवक की पहचान बिंदर सिंह पुत्र जागीर सिंह निवासी मुबारिकपुर, जिला अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने बताया कि यह मामला पूर्व में थाना सदर रतिया क्षेत्र में दर्ज हुआ था। इस प्रकरण में पहले दो आरोपियों को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है, जिनमें मुख्य आरोपी बुटा सिंह पुत्र बलम सिंह निवासी तामसपुरा, जिला फतेहाबाद से 10 किलो 126 ग्राम कचरा डोडा पोस्त बरामद किया गया था। जांच के दौरान तीसरे आरोपी बिंदर सिंह की संलिप्तता सामने आई थी, जो उस समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने लगातार प्रयास करते हुए उसे राजस्थान से काबू किया। इस संबंध में पुलिस ने 26 सितम्बर को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### जान से मारने की धमकी देने पर दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अपराध एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ जारी अभियान के तहत थाना शहर रतिया पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता गुरप्रीत सिंह पुत्र वकील राम निवासी मिराना, हाल आबाद इम्प्लाइज कॉलोनी रतिया की शिकायत पर कार्रवाई की गई थी। शिकायत में बताया गया कि वह 30 सितंबर की शाम को खन्ना चिकन कार्नर, छोटी नहर रतिया के पास अपनी गाड़ी के साथ खड़ा था, तभी एक गाड़ी में सवार दो व्यक्तियों ने उसके साथ गाली-गलौच, हाथापाई की तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच अधिकारी पीएसआई कंवर सिंह ने तत्परता से जांच शुरू की। जांच के दौरान सामने आया कि उक्त वारदात में शामिल आरोपी सुखविंदर सिंह उर्फ सुखी खोखर पुत्र हरचरण सिंह निवासी वार्ड नं. 3 रतिया और संजय कुमार उर्फ सोनी पुत्र कृष्ण कुमार निवासी वार्ड नं. 4 रतिया हैं, जिन्होंने परिवादी के साथ झगड़ा कर उसे धमकी दी थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ 3 अक्टूबर को केस दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में पंजाब का युवक काबू, केस

**फतेहाबाद।** गांव शेखुपुर दड़ौली में एक घर में हुई चोरी के मामले में भट्टूकलां पुलिस ने पंजाब के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कलंदर पुत्र बूटी नाथ निवासी कृष्ण बस्ती, वार्ड नं. 02, समाना, जिला पटियाला के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि शिकायतकर्ता बलवंत पुत्र राजू राम निवासी शेखुपुर दडौली, जिला फतेहाबाद की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई। शिकायत में बताया गया कि 26 सितंबर को शिकायतकर्ता अपने परिवार सहित खेतों में गया हुआ था। जब वह वापस लौटा तो घर के दरवाजों व संदूकों के ताले टूटे हुए थे और घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि संदूक में रखी 5 हजार रुपये नगद राशि, सोने के जेवरात चोरी कर फरार हो गया था।

## गोपाष्टमी पर गोशालाओं में हवन किया

# श्रद्धालुओं ने गोसवा कर की सुख और समृद्धि की कामना

**गोमाता को दाल, हरा चारा, गुड़ और हलवे का भोग लगाया गया, दिनभर चला पूजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** गोपाष्टमी पर गाय की पूजा अर्चना करते हुए श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

गौपाष्टमी पर्व बृहस्पतिवार को जिलाभर में धूमधाम से मनाया गया। गौभक्तों ने गऊओं की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। मुख्य कार्यक्रम गौशाल रोड पर स्थित श्री गौशाला में आयोजित किया गया। सुबह से ही गौशाला परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। गौशाला में पूरे वैदिक विधि-विधान से हवनयज्ञ किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर सुख समृद्धि की कामना की। बाद में श्रद्धालुओं ने गऊओं को तिलक करके, उनके सींग में मोली बांधकर उनके आगे दीपक जलाकर पूजन किया तथ उन्हे दाल, हरा चारा, गुड़ और हलवा का भोग लगाया तथा उनके चरण प्रक्षालित किए। महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने गौ-माता की पूजा अर्चना कर गौ माता का आशीर्वाद ग्रहण किया। महिलाओं ने गौ महिमा के भजन गाए। उधर, गांव खैरेकां स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला एवं खोज केंद्र में गोपाष्टमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गौमाता का विशेष पूजन कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया और गौसेवा का संकल्प लिया गया। गौशाला परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों और गौभक्तों ने भाग लिया। सभी उपस्थित लोगों ने गौपूजन किया और गौमाता को हरा चारा व गुड़ खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गौशाला प्रबंधक राम गोपाल डागर ने गोपाष्टमी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गौमाता में सभी देवी-देवताओं का वास होता है, इसलिए उनकी सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने गौशाला के कार्यों में सहयोग करने का आह्वान किया।

### श्री कृष्ण गोशाला में पूजा-अर्चना

**रतिया।** श्री कृष्ण गौशाला रतिया में आज गोपाष्टमी का त्यौहार बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और गौ माता की पूजा अर्चना की गई। महिला मंडल द्वारा श्री कृष्ण गौशाला प्रांगण में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में कीर्तन किया गया और नाच गाकर गोपाष्टमी का त्यौहार मनाया। पुजारी पंडित पवन शास्त्री, पंडित धीरज शास्त्री, पंडित नवीन शास्त्री, मान शास्त्री व मुकेश शास्त्री ने बताया कि गौ माता में 33 कोटी देवी देवता निवास करते हैं । भगवान श्री कृष्ण ने इसी दिन ग्वाले के रूप में गौ माता को चराना आरंभ किया था, इसलिए आज यह गोपाष्टमी का त्यौहार मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें गौ माता की सेवा करनी चाहिए। गौमाता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। इससे हमें असीम पुण्य की प्राप्ति होती है। इस शुभ अवसर पर शहर की सभी धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने भी शिरकत की। गौशाला कमेटी की तरफ से इस अवसर पर एक भंडारे का भी आयोजन किया गया और आए हुए मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### पर्व पर भजन कीर्तन का आयोजन

**चोपटा।** महर्षि दयानंद सरस्वती गौशाला जमाल में गौ अष्टमी पर्व के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गाव की भजन मंडली ने गो माता के सुंदर सुंदर भजनों का गुणगान किया। इस अवसर पर प्रधान प्रकाश कस्वां, कमेटी सदस्य शेर सिंह पूनिया, गिरधारी नाई, जगदीश छिंपा, मदन लाल मैनेजर, संदीप सेठ, सुभाष, विजय शास्त्री मणि प्रकाश सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। गौ अष्टमी पर्व पर आयोजित इस समारोह में गौ माता की पूजा अर्चना के साथ-साथ उनके महत्व और उपयोगिता पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने गौ माता की सेवा और संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी से गौ माता की सेवा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का आयोजन महर्षि दयानंद सरस्वती गौशाला की ओर से किया गया था, जिसका उद्देश्य गौ माता की सेवा और संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने गौ माता की जयकार की और उनके संरक्षण के लिए संकल्प लिया।

# जीएसटी में की गई कमी से देश में उत्पादन बढ़ेगा


**फतेहाबाद।** मुख्त्यार सिंह मैमोरियल कॉलेज बहबलपुर में विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्य वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

- मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पी.जी. कॉलेज में व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पी.जी. कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता निहाल सिंह रहे। महाविद्यालय पहुंचने पर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. हरमिंदर सिंह, डायरेक्टर अमनदीप कौर तथा प्राचार्य डॉ. ओपी नागपाल द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

मुख्य वक्ता निहाल सिंह ने 'भारतीय अर्थ व्यवस्था के वर्तमान मुद्दे एवं चुनौतियां' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में वस्तु और सेवा कर में की गई कमी तथा अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए प्रशुल्क के भारतीय अर्थव्यवस्था पर पडऩे वाले प्रभावों से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अवगत करवाते हुए बताया कि जीएसटी में की गई कमी के कारण समग्र मांग में वृद्धि होगी, जिससे देश में उत्पादन और रोजगार बढ़ेगा।

जीएसटी में की गई कमी से मुद्रा स्फीति में कमी आएगी। इसके इलावा मुख्य वक्ता ने ये भी बताया की भारतीय अर्थ व्यवस्था की चुनौतियों का समाधान करने के लिए सरकार ने विभिन्न सुधार किये है, यदि भारत इन चुनौतियों को दूर करके, अपने आर्थिक सुधारों बनाये रख सका तो 21वीं सदी में वैश्विक नेता बनने की क्षमता रखता है। कार्यक्रम का मंच सञ्चालन अर्थ शास्त्र के सहायक प्राध्यापक नरेंदर सिंह ने किया।

महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग तथा अर्थ शास्त्र विभाग के विद्यार्थियों के इलावा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# क्रेसंट स्कूल में मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस

- स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में दौड़ में भाग लेते नन्हे विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

क्रेसंट पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 'एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' थीम पर आधारित एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रा कुहू के मंच संचालन में प्रार्थना गीत से हुआ। छात्रा समायरा ने 'एकता में शक्ति है' विषय पर सुंदर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

निधि व शाइन अपने अपने सुविचारों के माध्यम से सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं उनके योगदान पर आधारित एकता और अखंडता का संदेश दिया। हर्षवर्धन ने राष्ट्रीय एकता हमारी आन, मिटने ने पाए देश की शान, विषय पर कविता का सस्वर वाचन किया। दक्ष ने राष्ट्रीय एकता से संबंधित सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछ कर उपस्थित विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा। प्री प्राइमरी विंग के नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता से संबंधित नारे प्रस्तुत करके दौड़ लगाते हुए सभी को देशभक्ति की भावना से सराबोर कर दिया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है, और आज के इस विशेष अवसर पर हमारे नन्हे विद्यार्थियों ने यह सन्देश अत्यंत सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया है।

# मेडिकल कॉलेज, चिल्ली झील के सौंदर्यीकरण पर संज्ञान लें सीएम

- कांग्रेस नेता बोले- शहर की सड़कों का बुरा हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रन फॉर यूनिटी में भाग लेने के लिए फतेहाबाद पहुंच रहे हैं। सीएम के फतेहाबाद दौरे को लेकर शहरवासियों को भी उनसे काफी उम्मीदें है। चाहे मेडिकल कॉलेज का मामला हो, चिल्ली झील के सौंदर्यकरण की बात हो या शहर की बदहाल सडक़ों का मामला, लोगों को उम्मीद है कि सीएम अपने फतेहाबाद दौरे के दौरान शहरवासियों की इन समस्याओं को दूर करने का काम करेंगे। युवा कांग्रेस नेता एवं प्रमुख समाजसेवी मुकेश प्रजापति ने कहा कि शहर के पुराने नागरिक अस्पताल के मुरम्मत कार्य पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं वहीं हुडा सैक्टर में नए अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। प्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा चुनावों में फतेहाबाद में मेडिकल कॉलेज की घोषणा की गई, कॉलेज के बोर्ड लगाकर वोट भी बटोर लिए लेकिन उसके बाद मेडिकल कॉलेज को यहां से शिफ्ट कर शहरवासियों के साथ धोखा किया गया।


मुकेश प्रजापति।

### पर्यटक स्थल बनाने की घोषणा भी ठंडे बस्ते में

लोगों की मांग है कि फतेहाबाद में नए बन रहे नागरिक अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिया जाए, जिससे लोगों के करोड़ों रुपये की बचत होगी जोकि विकास कार्यों पर खर्च हो सकेंगे। इसके अलावा सरकार द्वारा चिल्ली झील को पर्यटक स्थल बनाने की घोषणा भी ठंडे बस्ते में है।

# महिला कांग्रेस की दूसरी बार अध्यक्ष बनीं परमजीत गरोहा

- गरोहा ने अपनी नियुक्ति के लिए सांसद व अन्य का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया


परमजीत गरोहा

कांग्रेस पार्टी द्वारा हरियाणा महिला कांग्रेस कार्यकारणी का विस्तार किया है। हरियाणा महिला कांग्रेस की अध्यक्षता सुधा भारद्वाज ने रतिया की महिला कांग्रेस नेत्री पूर्व पार्षद परमजीत गरोहा को एक बार फिर से जिला फतेहाबाद की महिला कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस पार्टी द्वारा दूसरी बार महिला अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। अपनी नियुक्ति पर महिला जिला अध्यक्ष परमजीत कौर ने कांग्रेस की महिला राष्ट्रीय अध्यक्षता अलका लांबा, राष्ट्रीय महा सचिव एवं सांसद कुमारी शैलजा व कांग्रेस हाईकमान का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें दूसरी बार जो सेवा करने की जिम्मेवारी दी है, वह उनके विश्वास पर खरा उतरेगी।

पार्टी की नीतियों को जन-जन पहुंचाने व पार्टी के उत्थान एवं विस्तार के लिए पूरी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करेगी। उन्होंने एकजुट होने का आह्वान किया।

# कार्तिक मेला महोत्सव का शुभारंभ

- प्राचीन श्री श्याम मंदिर में पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु।

नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री श्याम मंदिर में गुरुवार से चार दिवसीय कार्तिक मेला महोत्सव शुरू हो गया। पहले दिन श्री श्याम बाबा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई और बाबा ने नगर भ्रमण किया। इस दौरान सारा शहर बाबा के जयकारों से गूंज उठा। चारों तरफ बाबा की महिमा के रस की ऐसी बरसात हुई कि पूरा वातावरण श्याम मय हो कर महकने लगा। मंदिर परिसर में सुबह गणेश पूजन किया गया और रजत जड़ित श्री श्याम निशान पूजन हुआ जिसमें उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो गणेशी लाल एवं मनीष सिंगला ने श्रद्धा से मंत्रोच्चारण के साथ पूजन करवाया। दोपहर 2 बजे रथ पर सवार बाबा की श्रृंगार आरती की गई जिसमें श्रीमती तारा देवी शर्मा, सह संरक्षक तेजपाल शर्मा व मंदिर से जुड़े श्रद्धालुओं ने शिरकत की। इसके बाद बाबा श्याम की शोभायात्रा आरंभ हुई। श्रद्धालु झूमते नाचते गाते हुए शोभा यात्रा की शान बढ़ाते हुए आगे बढ़ते रहे और बाजारों में दोनों तरफ बड़ी संख्या में लोग हाथ बांधे बाबा के जयकारे लगाते हुए इस अद्भुत नजारे के साक्षी बनते रहे।

### मंडियों में 303067 मीट्रिक टन धान की खरीद

**सिरसा।** जिला की विभिन्न मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 303067 मीट्रिक टन (एमटी) धान की खरीद की जा चुकी है। कुल आवक में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 143255 एमटी, हैफेड द्वारा 129594 एमटी तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा 30218 एमटी खरीद की गई है। इसके साथ-साथ उठान प्रक्रिया भी तेजी से जारी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक मुकेश कुमार ने बताया कि बड़ागुढ़ा मंडी में 6840 एमटी, डबवाली मंडी में 41515 एमटी, कालांवाली मंडी में 82377 एमटी, फग्गु मंडी में 8897 एमटी तथा अन्य मंडियों में खरीद हुई।

### आईटीआई का दो दिवसीय युवा महोत्सव 3 से

**सिरसा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आगामी 03 व 04 नवंबर को चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी, में जिला स्तरीय युवा महोत्सव-2025 का आयोजन किया जाएगा। अधीक्षक राकेश कुमार गोदारा ने बताया कि इस दो दिवसीय महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं तकनीकी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनका लक्ष्य युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उनमें रचनात्मक, अनुशासन एवं तकनीकी जागरूकता का विकास करना है। इस समारोह में समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन, कहानी लेखन व अन्य प्रतियोगिताएं होगी।

### धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान संजय पुत्र भाल सिंह निवासी चपला मोरी, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। आर्थिक अपराध शाखा फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि यह मामला विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने से संबंधित है। शिकायतकर्ताओं राजेश पुत्र मंगल सिंह निवासी गांव बीघड़ व सुशील पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव धांगड़ ने मामले में आरोप लगाए थे।

### स्टेनोग्राफर के अप्रेंटिस लगने को आवेदन मांगे

**फतेहाबाद।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में आईटीआई पास छात्रों को एक वर्ष की समयावधि के लिए स्टेनोग्राफर हिंदी व कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट कोपा ट्रेड पर अप्रेंटिसशिप रखे जाने हैं। इसके लिए डीआईपीआरओ कार्यालय ने आईटीआई पास इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए है। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप निदेशक अमित पंवार ने बताया कि स्टेनोग्राफर व कोपा की ट्रेड पर अप्रेंटिसशिप लगने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 31 अक्टूबर की सायं 5 बजे तक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## उपायुक्त ने ली नारकोटिक्स कोर्डिनेशन कमेटी की बैठक

# चिकित्सक के परामर्श के बिना न हो प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री

**नशे पर अंकुश लगाने के लिए शहर व गांव में वार्ड स्तर पर काम करना होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व ड्रग कंट्रोल की टीम जिले के मेडिकल स्टोरों की विशेष जांच करें और यह तय करें कि प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री चिकित्सक के परामर्श के बगैर न हो पाए। जिले में ज्यादातर मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं, यदि किसी मेडिकल स्टोर पर कैमरा न हो तो संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उपायुक्त शांतनु शर्मा गुरुवार को नारकोटिक्स कोर्डिनेशन कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि नशे पर अंकुश लगाने के लिए शहर व गांव में वार्ड स्तर पर काम करना होगा। मेडिकल स्टोर खोलने की अनुमति से पहले सरपंच एनओसी जोरी करते समय यह सुनिश्चित करें कि ऐसे व्यक्ति को एनओसी न दें जो नशे के कारोबार से जुड़ा हुआ हो, या पूर्व में नशे को लेकर किसी केस में संलिप्त हो। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस पूरी तरह से गंभीर हैं। उपायुक्त ने यह भी कहा कि गांवों में नशे के विरूद्ध कमेटियां सक्रिय रूप से काम करें और इन कमेटियों में पुलिस के बीट इंचार्ज को शामिल किया जाना चाहिए। गांव स्तर से इनपुट लेकर कार्रवाई की जाए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि वे नशा विरोधी जागरूकता से संबंधित बैनर व पोस्टर तैयार करवाएं ताकि युवा नशे से दूर रहें। उन्होंने बताया कि गांवों में नशा मुक्ति के संदेश को लेकर पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम करवाए जाएंगे और समाज कल्याण विभाग की ओर से लघु नाटिका तैयार करवाई जाएगी, जिसे वीडियो के माध्यम से गांव-गांव दिखाया जाएगा। उन्होंने स्कूल व कॉलेज स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम किए जाने के साथ ही नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए हैं।

### पंचायतों से सहयोग का आह्वान

बैठक में पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारण ने कहा कि नशे के खिलाफ व्यापक अभियान की शुरूआत करनी होगी और गांवों में पंचायत के साथ मिलकर कार्य करना होगा। ग्राम स्तर पर कमेटियों को सक्रिय कर अभियान चलाए जाने से जो युवा नशे के दलदल में फंसे हैं, उनकी भी काउंसलिंग करवाई जानी चाहिए। पुलिस अधीक्षक डबवाली निकिता खट्टर ने कहा कि गांव में सुनसान जगह पर कुछ लोग नशा करने के लिए बैठ जाते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ पंचायत अपने स्तर जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। उन्होंने बताया कि पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है और जो व्यक्ति नशा तस्करों की जानकारी देता है, उसका नाम गुप्त रखा जाता है। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड, जिला शिक्षा अधिकारी सुनीता साईं, जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह, जेल उपअधीक्षक कुलदीप सिंह, ड्रग कंट्रोल अधिकारी केशव वशिष्ठ व सुनील, डिप्टी सीएमओ पंकज शर्मा, एचएसएनसीबी के इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005, 7988727916